Total No. of Printed Pages—9

**HS/XII/A/h/24**

**2024**

# ELECTIVE HINDI

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

## ( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) ''आह! वेदना मिली विदाई!'' पंक्ति 'कार्नेलिया का गीत' शीर्षक कविता से ली गई है।

(ख) दीप का पंक्ति में विलय व्यष्टि का समष्टि में विलय है।

(ग) 'गीत गाने दो मुझे' कविता के कवि रघुवीर सहाय जी हैं।

(घ) सत्य कभी दिखता है और कभी ओझल हो जाता है।

(ङ) 'दूसरा देवदास' एक कहानी है।

(च) 'भरत-राम का प्रेम' 'रामचरितमानस' के अयोध्या कांड से लिया गया है।

(छ) 'पच्चीस साल की लड़की' ममता कालिया जी की कहानी नहीं है।

(ज) 'उसने कहा था' पं० चंद्रधर शर्मा गुलेरी जी की एक प्रसिद्ध कहानी है।

(झ) वैदिक काल के हिन्दू ढेले छुआकर स्वयं पत्नीवरण करते थे।

(ञ) 'प्रेमघन की छायास्मृति' शुक्ल जी का एक प्रसिद्ध उपन्यास है।

(ट) लेखक संघ की पत्रिका का नाम 'लोटस' था।

(ठ) 'बारहमासा' कविता में कवि ने नायिका नागमती के विरह का वर्णन नहीं किया है।

**2.** निम्नलिखित शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(खोटा ; अहंकार ; सकल ; आशा ; पिया ; चौपाई ; फ़कीर ; पौराणिक ; जैन ; गोबर ; नेहरू ; खाकी)

(क) मेरी आशा आह! बावली, तूने खो दी ______ कमाई।

(ख) 'गीत गाने दो मुझे' कविता में कवि निराशा में ______ का संचार करना चाहता है।

(ग) ______ का मद हमें अपनों से अलग कर देता है।

(घ) 'महाभारत' के ______ संदर्भों और पात्रों के द्वारा जीवन में सत्य की महत्ता को स्पष्ट करना चाहा है।

(ङ) 'रामचरितमानस' की रचना मुख्यतः दोहा और ______ छंद में हुई है।

(च) जायसी अपने समय के सिद्ध और पहुँचे हुए ______ माने जाते थे।

(छ) ''जल ही खाया है कि कुछ फलाहार भी ______ है?''

(ज) ______ चुना तो 'पशुओं का धनी' होगा।

(झ) पसोवा एक बड़ा ______ तीर्थ है।

(ञ) ''अपना सोना ______ तो परखवैया का कौन दोस?''

(ट) गाँधी, ______ और यास्सेर अराफ़ात उनकी आत्मकथा 'आज के अतीत' का एक अंश है।

(ठ) गंगा सभा के स्वयंसेवक ______ वर्दी में मुस्तैदी से घूम रहे हैं।

**3.** सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) अज्ञेय ने किसे स्नेह-भरा, गर्व-भरा एवं मदमाता कहा है?

*(i)* दीप

*(ii)* मोती

*(iii)* पंक्ति

*(iv)* गीत

(ख) ''कंठ रुकता जा रहा है, आ रहा है काल देखो'' —यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* सत्य

*(ii)* गीत गाने दो मुझे

*(iii)* यह दीप अकेला

*(iv)* देवसेना का गीत

(ग) 'राम की शक्तिपूजा' कविता के कवि कौन हैं?

*(i)* जयशंकर प्रसाद

*(ii)* सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

*(iii)* अज्ञेय

*(iv)* विष्णु खरे

(घ) किसे 'नाइट ऑफ़ दि ऑर्डर ऑफ़ द व्हाइट रोज़' से सम्मानित किया गया है?

*(i)* विष्णु खरे

*(ii)* निराला

*(iii)* जयशंकर प्रसाद

*(iv)* अज्ञेय

(ङ) तुलसीदास की पत्नी का क्या नाम था?

*(i)* पद्मावती

*(ii)* कमलावती

*(iii)* रत्नावली

*(iv)* महामाया

(च) मलिक मुहम्मद जायसी भक्तिकाल के किस शाखा के कवि हैं?

*(i)* सूफ़ी प्रेममार्गी शाखा

*(ii)* रामभक्ति शाखा

*(iii)* कृष्णभक्ति शाखा

*(iv)* सगुण भक्ति शाखा

(छ) ''आपने देख लिया हो तो क्या मैं एक नज़र देख सकता हूँ?'' यह किसका कथन है?

*(i)* गाँधी

*(ii)* नेहरू

*(iii)* पटेल

*(iv)* यास्सेर अराफ़ात

(ज) सेवाग्राम में लेखक की मुलाकात किससे हुई थी?

*(i)* नेहरू

*(ii)* महात्मा गाँधी

*(iii)* पटेल

*(iv)* शेख अब्दुल्ला

(झ) निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास भीष्म साहनी का है?

*(i)* रंगभूमि

*(ii)* तमस

*(iii)* त्यागपत्र

*(iv)* बाबा बटेसरनाथ

(ञ) 'सुमिरिनी के मनके' नाम से कितने लघु निबंध हैं?

*(i)* एक

*(ii)* दो

*(iii)* तीन

*(iv)* चार

(ट) 'चिन्तामणि' नामक ग्रंथ किसकी रचना है?

*(i)* भीष्म साहनी

*(ii)* रामचंद्र शुक्ल

*(iii)* ब्रजमोहन व्यास

*(iv)* रामविलास शर्मा

(ठ) 'अजातशत्रु' नामक नाटक के रचयिता कौन हैं?

*(i)* रामकुमार वर्मा

*(ii)* शेक्सपीयर

*(iii)* जयशंकर प्रसाद

*(iv)* भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *एक-एक* वाक्य में दीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) देवसेना कौन-सा गीत गाती है?

(ख) 'गीत गाने दो मुझे' कविता में कवि किसका संचार करना चाहता है?

(ग) घने जंगलों में कौन भागा था?

(घ) ''हारेंहु खेल जितावहिं मोही'' —यह कथन किसका है?

(ङ) 'बारहमासा' में कवि ने किस नायिका का विरह-वर्णन किया है?

(च) सूरदास का परिचय दीजिए।

(छ) 'ढेले चुन लो' लघु निबंध में किन मान्यताओं पर चोट की गई है?

(ज) ब्रजमोहन व्यास किस समाचार-पत्र समूह के जनरल मैनेजर रहे?

(झ) गाँव वालों ने उपवास क्यों रखा था?

(ञ) 'दूसरा देवदास' कहानी की नायिका का क्या नाम है?

(ट) 'द मर्चेंट ऑफ वेनिस' नामक नाटक किसकी प्रसिद्ध रचना है?

(ठ) ''वे आपके ही नहीं हमारे भी नेता हैं। उतने ही आदरणीय जितने आपके लिए।'' यह कथन किसका है?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *दो-दो* वाक्यों में दीजिए (कोई **पाँच**) : 2×5=10

(क) रस के कितने अंग हैं? उनके नाम लिखिए।

(ख) व्यंजना शब्दशक्ति की परिभाषा लिखिए।

(ग) निम्नलिखित रसों के स्थायी भाव लिखिए :

*(i)* हास्य रस

*(ii)* रौद्र रस

(घ) यमक अलंकार की परिभाषा लिखिए।

(ङ) विभाव का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(च) अलंकार किसे कहते हैं?

(छ) लक्षणा शब्दशक्ति का एक उदाहरण दीजिए।

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**6.** निम्नलिखित पद्यों/अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) जब हम सत्य को पुकारते हैं
तो वह हमसे परे हटता जाता है
जैसे गुहारते हुए युधिष्ठिर के सामने से
भागे थे विदुर और भी घने जंगलों में।

**अथवा**

श्रमित स्वप्न की मधुमाया में,
गहन-विपिन की तरु-छाया में,
पथिक उनींदी श्रुति में किसने—
यह विहाग की तान उठाई।

(ख) प्राचीन काल से प्रतिवर्ष जैनों का एक बड़ा मेला लगता है जिसमें दूर-दूर से हजारों जैन यात्री आकर सम्मिलित होते हैं। यह भी कहा जाता है कि इसी स्थान पर एक छोटी-सी पहाड़ी थी जिसकी गुफा में बुद्ध देव व्यायाम करते थे। वहाँ एक विषधर सर्प भी रहता था।

**अथवा**

अपनी आँखों से जगह देखकर, अपने हाथ से चुने हुए मिट्टी के डगलों पर भरोसा करना क्यों बुरा है और लाखों करोड़ों कोस दूर बैठे बड़े-बड़े मट्टी और आग के ढेलों—मंगल, शनिश्चर और बृहस्पति की कल्पित चाल के कल्पित हिसाब का भरोसा करना क्यों अच्छा है।

**7.** अज्ञेय की कविता 'यह दीप अकेला' का प्रतिपाद्य लिखिए। 9

**अथवा**

'देवसेना का गीत' कविता में निहित भावों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

माघ महीने में विरहिणी को क्या अनुभूति होती है? अपने शब्दों में लिखिए।

**8.** 'घड़ी के पुर्ज़े' नामक निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 9

**अथवा**

'दूसरा देवदास' नामक कहानी में अभिव्यक्त उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लेखक का गाँधीजी के साथ व्यतीत किए गए क्षणों का अनुभव अपने शब्दों में लिखिए।

**9.** 'सूरदास की झोंपड़ी' नामक पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 8

**अथवा**

'आरोहण' नामक कहानी का उद्देश्य लिखिए।

**अथवा**

'बिस्कोहर की माटी' नामक पाठ में निहित विचारों को स्पष्ट कीजिए।

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) प्रदूषण समस्या

(ख) मेघालय का प्राकृतिक सौन्दर्य

(ग) विद्यार्थी जीवन और राजनीति

(घ) नारी शिक्षा

(ङ) समय का सदुपयोग

★★★